दिनांक 22.02.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राशनकार्ड बनवाने वार्डों में लग रहा शिविर, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने शिविर का लिया जायजा, 26 फरवरी तक आयोजित होगा शिविर

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत एपीएल एवं बीपीएल परिवारों का राशनकार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर में छूटे हुए लोग नया राशन कार्ड बनाने , नाम जोड़ने, नाम सुधार कराने एवं पेंडिंग राशन कार्ड का निराकरण कराने शिविर में पहुंच रहे हैं। महापौर नीरज पाल ने शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए है। वार्डों में लग रहे शिविर स्थलों का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निरीक्षण किया और शिविर में आए हुए नागरिकों से उनके समस्याओं को लेकर चर्चा भी किए। राज्य शासन की मंशा के अनुक्रम में निगम क्षेत्रान्तर्गत छुटे हुए परिवार का नवीन एपीएल/ बीपीएल राशनकार्ड बनवाने हेतु दिनांक 21 फरवरी से विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, दो दिन के शिविर में अब तक 482 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त हो चुके है। किसी कारण से राशनकार्ड बनवाने से छुटे हुए परिवार शिविर स्थल में आवेदन जमा कर राशनकार्ड बनवा सकते है। जिला खाद्य शाखा से जारी पत्र के अनुसार राशनकार्ड बनाने हेतु लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा के तहत भौतिक सत्यापन एवं पात्रता की जांच कर आगामी कार्यवाही की जाएगी। छ.ग. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम , 2012 एवं छ.ग. राशनकार्ड नियम 2016 के तहत नवीन राशनकार्ड जारी किये जाने के निर्देश के तहत शिविर लगाई गई है। निगम के खाद्य विभाग की सहायक नोडल अधिकारी रीता चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि राशन कार्ड बनाने के लिए तथा लंबित आवेदन का शीघ्र निराकरण करने एवं एपीएल/बीपीएल राशनकार्ड बनाने के लिए नया आवेदन लिया जा रहा है। एपीएल एवं बीपीएल राशनकार्ड बनवाने के लिए निगम क्षेत्र के वार्डो में लग रहे शिविर में अब तक 482 आवेदन प्राप्त हो चुके है। इसमें नये एपीएल राशनकार्ड के लिए 258, बीपीएल राशनकार्ड के लिए 127, पूर्व में बन चुके राशनकार्ड में नये सदस्यों का नाम जुड़वाने 88 तथा राशनकार्ड हितग्राही के नाम संशोधन कराने के लिए 9 लोगों सहित कुल 482 आवेदन शिविर के माध्यम से प्राप्त हुए है।